चल रे हवा मेरे संग मेडी धाम | By Prakash Chauhan

चल रे हवा मेरे संग मेडी धाम
भाग्य जाग जाएंगे
गोगाजी के दर्शन से तेरे भी
दिन बदल ये जायेंगे

महक उठेगी तू भी गोगाजी के नाम से
इतराती लहराती बहेगी आराम से
लिया कर तू भी जाहरवीर का नाम
काम वही आएंगे
गोगाजी के दर्शन से तेरे भी
दिन बदल ये जायेंगे

गोगाजी के चरणों की माटी भी है काम की
महिमा अलग है सबसे सुनले मेडी धाम की
मेडी वाले गोगाजी का भजन तू करले
दया बरसायेंगे
गोगाजी के दर्शन से तेरे भी
दिन बदल ये जायेंगे

मेडी धाम जाकर सारा जहाँ सर झुकाता है
मझधार से मेरा बाबा पार लगाता है
जपता है निर्मल देख सुबह और शाम
बिगड़ी वो बनाएंगे
गोगाजी के दर्शन से तेरे भी
दिन बदल ये जायेंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2-%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%b5%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%a1%e0%a5%80-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-b/